हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 सितंबर 2025

06 नवरात्रि: शक्ति की भक्ति डूबे भक्त गिरते पानी में भी...



08 जैन मंदिर पर श्वेतांबर समाज के चातुर्मास..





## खबर संक्षेप

### अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

**सीहोर।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों के मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। अब अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रूपये की राशि सहित आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण का पोर्टल 29 सितम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी स्कूल शिक्षा के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दी गई है।

### स्वास्थ्य बीमा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

**सीहोर।** संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य बीमा एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 कर दी गई है। सभी पत्रकार साथियों से आग्रह है कि समय पर आवेदन कर योजना का लाभ लें। विस्तृत जानकारी जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट https://mpinfo.org/ पर देखी जा सकती है।

### निशुल्क प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से

**सीहोर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 31 अक्टूबर 2025 से आमजन के लिए निशुल्क प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उपलब्ध कंप्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक आमजन की पहुंच को सुगम बनाना और एक इस प्रकार के ढांचे का निर्माण करना है जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के कम्प्यूटरों को कार्यालयीन समय के अतिरिक्त आमजन के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सकें। ताकि वे कम्प्यूटर से संबंधित शिक्षा प्राप्त कर सकें और तकनीकी ज्ञान ले सकें। प्राचार्य सीजी ढबू ने बताया कि जो भी आवेदक कम्प्यूटर से संबंधित ज्ञान अर्जित करना चाहते है, वे 30 अक्टूबर तक पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रातः 10:30 से 05 बजे के बीच अपना पंजीयन करा सकते हैं और प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार एवं शनिवार को दोपहर 03 से 05 बजे तक कंप्यूटर विषय में कॉलेज के संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं।

# साली और प्रेमी का हैवानियत भरा खेल, जीजा की हत्या करने के बाद गड्ढे में दफनाया, पुलिस ने किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मछली ठेकेदार अफरोज की हत्या का राज पुलिस ने खोल दिया है। साली ने अपने प्रेमी संग मिलकर जीजा को मौत के घाट उतारा था और शव फार्म हाउस के पीछे गड्ढे में दफना दिया था। पुलिस ने पहले साली को पकड़ा, अब फरार प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

एसडीओपी पूजा शर्मा और बिलकिसगंज थाना प्रभारी संदीप मीणा ने बताया कि सीहोर जिले के बिलकिसगंज का रहने वाला 32 वर्षीय मछली ठेकेदार मो. अफरोज 14 सितंबर की रात अचानक घर नहीं लौटा। परिजनों को चिंता हुई और उसके भाई अजहर ने अगले दिन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामला गंभीर मानते हुए जांच शुरू की। अफरोज की तलाश के दौरान जो खुलासे सामने आए, उन्होंने पूरे इलाके को हिला दिया।

**खून के धब्बों ने खोला राज :** तलाश में जुटी पुलिस को अफरोज की मोटरसाइकिल बड़झिरी के आमला रोड जंगल में



मिली। बाइक पर खून के धब्बे थे, जिसने पुलिस को हिंसक वारदात की ओर इशारा कर दिया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो फुटेज में एक युवक बाइक ले जाता नजर आया। यह सुराग पुलिस के लिए बेहद अहम साबित हुआ।

### रिश्तों की उलझी गुत्थी

पुलिस ने पड़ताल की तो युवक की पहचान भोपाल निवासी इब्राहिम खान के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि इब्राहिम की शादी बड़झिरी निवासी कल्लू खां की पोती सानिया से तय थी। वहीं, अफरोज उसी परिवार की बड़ी पोती साहिबा का पति था। इस पारिवारिक रिश्ते ने कहानी को और उलझा दिया। पुलिस ने जब सानिया से पूछताछ की, तो उसने जो बताया वह किसी खौफनाक फिल्मी कहानी से कम नहीं था।

### साली का सनसनीखेज इकबाल

सानिया ने कबूल किया कि उसका जीजा अफरोज पिछले दो साल से उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। वह उसकी शादी इब्राहिम से होने का विरोध करता और धमकाता था कि अगर किसी और से शादी की तो उसे खत्म कर देगा। परेशान सानिया ने अपने प्रेमी इब्राहिम संग मिलकर अफरोज को मौत के घाट उतारने की योजना बनाई।

### फार्म हाउस बना खौफ का गवाह

14 सितंबर की रात सानिया ने अफरोज को बड़झिरी के बंगले पर बुलाया। जैसे ही अफरोज उससे बात करने लगा, तभी पीछे से छिपकर आए इब्राहिम ने बका से अफरोज के सिर पर वार कर दिया। अफरोज जमीन पर गिर पड़ा और फिर गले पर हमला होते ही वहीं तड़पकर दम तोड़ दिया। दोनों ने मिलकर शव को बंगले के पीछे गड्ढा खोदकर दफना दिया और मोबाइल फोन फेंककर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की।

**पुलिस की पैनी नजर से टूटी चाल :** सानिया को 19 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, लेकिन इब्राहिम फरार हो गया। पुलिस ने लगातार दबिश दी और आखिरकार 27 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर इब्राहिम को भोपाल के बीएचईएल के खंडहर क्वार्टर्स से धर दबोचा। इस तरह एक त्रिकोणीय रिश्ते की खतरनाक परिणति का राज पूरी तरह खुला। यह वारदात रिश्तों के बिगड़ने और अंधे प्रेम के अंजाम की भयावह तस्वीर बन गई।

## फर्जी रजिस्ट्रियां करने वाले सीहोर जिला पंजीयक कार्यालय ने सुप्रीम कोर्ट, सेबी को भी किया गुमराह

# सुप्रीम कोर्ट, सेबी को बताया नहीं है रिकार्ड, किसानों ने उप पंजीयक कार्यालय से निकलवाई प्रमाणित प्रति

### 200 किसानों की 3500 एकड़ जमीन की फर्जी रजिस्ट्री का मामला, करोड़ों की लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय द्वारा रेहटी तहसील के 200 किसानों की फर्जी रजिस्ट्रियां करके किसानों की जमीनें पीएसीएल की कई फर्जी कंपनियों के नाम कर दी गई। इसके बाद जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय द्वारा सुप्रीम कोर्ट, सेबी एवं कलेक्टर को भी गुमराह किया गया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 2-2-2016 को आदेश पारित करते हुए सेबी से संपत्तियों का खसरा तथा संपत्ति के क्रेता-विक्रेता के नाम सहित सूची उपलब्ध कराने को कहा था। इसके बाद सेबी द्वारा दिनांक 29-11-2022 को जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर रिकार्ड मांगा गया। तत्कालीन सीहोर जिला कलेक्टर ने इस मामले में तहसील रेहटी की 48 संपत्तियों के क्रय-विक्रय की जांच जिला पंजीयक सीहोर से कराई। इसके बाद दिनांक 23-5-2023 को जिला पंजीयक सीहोर ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया कि उक्त संपत्तियों के संबंध में कार्यालय रिकार्ड में कृषि भूमि से संबंधित दस्तावेजों की प्रति उपलब्ध नहीं है। क्रेतागणों एवं विक्रेतागणों के नाम से कृषि भूमियों से संबंधित दस्तावेजों का पंजीयन नहीं हुआ है। जबकि किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील




करने के लिए जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय से ही प्रमाणित रिकार्ड निकलवाया। इससे साफ है कि जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय ने सुप्रीम कोर्ट, सेबी और जिला कलेक्टर को भी गुमराह किया एवं गलत जानकारी दी।

### एक-दूसरे को बचाने में जुटे रहे अधिकारी

सुप्रीम कोर्ट के आदेश एवं सेबी ने जांच के लिए जब जिला कलेक्टर से संबंधित दस्तावेजों की सूची मांगी तो सीहोर जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय के अधिकारी एक-दूसरे को बचाने में जुट गए। कलेक्टर ने जांच जिला पंजीयक सीहोर को सौंपी। जिला पंजीयक सीहोर ने उप पंजीयक बुधनी को पत्र लिखकर दस्तावेज मांगे, लेकिन सभी जगह से एक जैसा जबाव आया कि उनके कार्यालयों में दस्तावेज नहीं है, जबकि किसानों ने प्रमाणित प्रतियां जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय से ही निकलवाई। इससे साफ है कि इस पूरी प्रक्रिया में नीचे से उपर तक के अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत थी।

### 11 से अधिक गांवों के किसानों की थी जमीनें

सीहोर जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय द्वारा रेहटी तहसील के 11 से अधिक गांवों के किसानों की जमीनों की फर्जी रजिस्ट्रियां करके पीएसीएल की फर्जी कंपनियों के नाम की गई। इनमें रेहटी तहसील के ग्राम सगोनिया, बरखेड़ा, गेहूंखेड़ा, डोंगरी, बोरदाखेड़ा, बासनियाकलां, मरदानपुर, भड़कुल, मट्ठागांव, रैगांव, जाजना सहित अन्य गांव हैं। यहां के करीब 200 किसानों की 48 फर्जी रजिस्ट्रियां करके हजारों एकड़ जमीन पीएसीएल कंपनी की फर्जी कंपनियों के नाम कर दी गई। इससे जहां सरकारी खजाने को करोड़ों की चपत लगाई गई तो वहीं जिला पंजीयक-उप पंजीयक, रेहटी तहसील के जिम्मेदार, रजिस्ट्री वेंडरों ने भी करोड़ों रुपए कमाए।

### रेहटी तहसील कार्यालय की भी अहम भूमिका

इस फर्जी रजिस्ट्री जमीन कांड में आईएसओ प्राप्त रेहटी तहसील कार्यालय की भी अहम भूमिका है, क्योंकि जिन किसानों की वही फर्जी रजिस्ट्रियों में लगी हुई है वे सभी किसान रेहटी तहसील के हैं और उनकी वही रेहटी तहसील कार्यालय द्वारा ही उपलब्ध कराई गई। फर्जी रजिस्ट्रियों में किसानों के नाम तो सही लिखे गए हैं, लेकिन उनके फोटो भी फर्जी लगाए गए हैं। साइन भी उनसे मिलते-जुलते किए गए हैं, इससे साफ है कि रेहटी तहसील कार्यालय की इसमें भूमिका है।

### ये बोले पीड़ित किसान

सगोनिया निवासी किसान विजय सिंह यदुवंशी ने बताया कि उनकी एवं गांव के अन्य किसानों की जमीन जिनका खसरा नंबर 9/1, 99/1, 99/5, 21/1, 19, 41, 160/10, 52, 72/3, 89/1, 89/3, 102/1, 102/2, 102/6, 90/1, 102/3, 89/4, 99/8, 99/9, 13/2, 72/2, 99/4, 103/4, 89/4, 33, 13/3, 21/2, 21/5, 65, 103/1, 104/1, 104/4, 107/14, की भूमि को पीएसीएल कंपनी की मोसोनिरी डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड पश्चिम विहार नईदिल्ली, अंडरकापट प्रा. लि. प्लाट नंबर आरजेडी 26 सहित कई अन्य कंपनियों के नाम पर कर दी गई। मामले का खुलासा भी उस समय हुआ, जब हम अपनी जमीनों के बंटवारा एवं क्रय-विक्रय की प्रक्रियाएं कर रहे थे, तब पता चला कि हमारी जमीनों पर तो सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। इसके बाद किसानों ने एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय पहुंचकर जमीनों की स्थिति पता की तो वहां से भी बताया गया कि उनकी जमीनों के क्रय-विक्रय, नामांतरण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक लगी हुई है। इसके बाद सभी किसानों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली और अब कई किसानों को इसमें राहत मिली है। कुछ किसानों का मामला अभी माननीय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसी तरह रेहटी, गेहूंखेड़ा सहित तहसील के कई गांवों के करीब 200 किसानों की लगभग 3500 एकड़ जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई।

### चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग सीहोर ने बडवानी को 4-1 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता का मुकाबले खेला गया। इस मैच में बिल्डअप सीहोर टीम ने बडवानी एफसी को 4-1 से हराया। इस मैच में प्रतिभाशाली फुटबाल खिलाड़ी अनिकेत ने लगातार दो गोल किए। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, अताउल्ला खान, धर्मेन्द्र माहेश्वरी और आयुष गुप्ता आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार की शाम को बिल्डअप सीहोर और बडवानी एफसी के मध्य मैच खेला गया। इस मैच के दौरान सीहोर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से यह मैच जीता। इसमें अनिकेत ने सीहोर की ओर से शुरूआत में दो गोल किए, इसके अलावा प्रियुष थापा-अब्दुल ने एक-एक गोल किया।



# रोटरी क्लब का 4 अक्टूबर को आयोजित होगा दो दिवसीय कैंसर जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मानवता के लिए कार्य करने वाली रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में आगामी चार अक्टूबर को दो दिवसीय महिलाओं में स्तन कैंसर, सवाईकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन शहर के तहसील चौराहा के पास स्थित रोटरी भवन में किया जाएगा। जांच शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय, रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एसआर गट्टानी, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रघुनंदन निगोदिया, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. गौरव ताम्रकार आदि शामिल थे।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर का शुभारंभ आगामी चार अक्टूबर को शहर के तहसील चौराहा के समीपस्थ रोटरी भवन में सुबह 10 बजे प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख करेंगे। शिविर में एक हजार से पांच हजार रुपए की जांच निशुल्क की जाएगी।

### मैमोग्राफी एक प्रभावी तकनीक

क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की जांच भी शामिल है, ताकि कैंसर का शीघ्र पता लगाया जा सके और जीवन बचाया जा सके, 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है। शुरू में कैंसर की पहचान से न केवल इलाज आसान होता है, बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। मैमोग्राफी एक प्रभावी तकनीक है। जिससे छोटी से छोटी गांठ, ऊतक में बदलाव या असामान्य संरचना का पता लगाया जा सकता है। दो दिवसीय शिविर में रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब महिलाओं में स्तन कैंसर, सवाईकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन निशुल्क किया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने परिवार सहित सलकनपुर माता के दरबार में टेका माथा

# सलकनपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब, डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां विजयासन के किए दर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के प्रसिद्ध सलकनपुर स्थित माँ विजयासन धाम में रविवार अवकाश के दिन आस्था का अभूतपूर्व ज्वार उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और देर रात तक यह सिलसिला चलता रहा। दिनभर के दौरान डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माँ विजयासन के दर्शन कर आत्मिक सुख और शांति का अनुभव किया। माँ विंध्यवासिनी के दरबार में जैसे ही भक्तों ने जयघोष लगाए, वातावरण भक्ति और ऊर्जा से गूंज उठा। नवरात्रि के पावन दिनों में माँ के दर्शनों की महिमा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रतिदिन यहां आने वालों की संख्या लाखों तक पहुंच रही है। माँ विजयासन धाम सलकनपुर प्रकृति की गोद में स्थित है और यहां मां विंध्य पर्वत माला पर विराजमान हैं। यहां मंदिर प्रांगण में माँ विजयासन की मनोहारी प्रतिमा स्थापित है जो भक्तों के हृदय में शक्ति और श्रद्धा का संचार करती है। यही नहीं, मंदिर परिसर में देवी लक्ष्मी, माँ सरस्वती और भैरव बाबा के भव्य मंदिर भी स्थित हैं। इसी धाम को आधुनिक स्वरूप देने के लिए 217 करोड़ की लागत से विशाल देवीलोक का निर्माण कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। यह कार्य पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं को और भी आकर्षक दिव्य अनुभव प्राप्त होगा।

### पथरीले रास्तों पर आस्था की जीत

माँ दर्शन की आस और भक्ति भाव ही कुछ ऐसा है जिसने श्रद्धालुओं को कठिनाइयों के बावजूद निरंतर आगे बढ़ने का संबल दिया। तेज बारिश, कीचड़ में सनी सड़क और जगह-जगह गड्ढों के बावजूद श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए यहाँ पहुँच रहे हैं। संदलपुर से सलकनपुर मार्ग पर सड़क का निर्माण कार्य अभी अधूरा होने के कारण कई स्थानों पर गिट्टी व मिट्टी के ढेर पड़े हैं जिससे पैदल और वाहन यातायात कठिन हो रहा है। इसके बावजूद पथरीले रास्ते पर नंगे पैर ₹जय माता दी₹ का उद्घोष करते हुए भक्तों के कदम थम नहीं रहे। यह नजारा एक अदम्य विश्वास और गहरी आस्था का प्रतीक है।

### भक्ति और विश्वास की अविरल धारा

माँ विजयासन धाम इन दिनों सचमुच आस्था के महासागर में परिवर्तित हो चुका है। दिन-रात मंदिर के पट खोले जाने से हर क्षण श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन का लाभ ले रहे हैं। आस्था में डूबे भक्तों की थकान भी माँ के दरबार में पहुँचकर मानो क्षण भर में समाप्त हो जाती है। नवरात्रि के अंतिम दिनों में जैसे-जैसे पुण्य दर्शनों का समय निकट आता है, आस्था का यह सैलाब और प्रबल होता जा रहा है। माँ की अपार कृपा का संचार श्रद्धालुओं के मन में यही संदेश दे रहा है कि सच्ची आस्था ही सभी कठिनाइयों को हराने की शक्ति देती है।

### शिवराज सिंह परिवार के साथ पहुंचे

इसी भव्य धार्मिक वातावरण में केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी अपने पूरे परिवार के साथ पहुँचे और मां विजयासन के चरणों में नतमस्तक हुए। हर वर्ष नवरात्रि पर पंचमी के दिन वे विशेष रूप से सलकनपुर आते हैं। शनिवार की रात आठ बजे पहुंचे शिवराज सिंह के साथ उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह, दोनों पुत्र और दोनों बहुएँ भी थीं। पूरे परिवार ने माता रानी के समक्ष प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और देश के अन्न भंडार भरे रहने की कामना की। मंदिर परिसर में पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका गरिमामय स्वागत किया।

### ट्रंप टैरिफ का एक ही उत्तर स्वदेशी अपनाएं: शर्मा

**सीहोर।** स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुषेन्द्र शर्मा ने जिला पुस्तकालय में स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत छात्रों को जानकारी देते हुए यह बात कही। श्री शर्मा ने स्वदेशी से स्वावलंबन और समृद्धि विषय पर स्वदेशी आंदोलन का इतिहास, उसका महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में जबकि अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क के साथ-साथ दवाओं पर 1 अक्टूबर से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। स्वदेशी आंदोलन की प्रासंगिकता और उसका महत्व भारत की समृद्धि हेतु स्वदेशी की आवश्यकता आदि बिंदुओं पर चर्चा की। श्री शर्मा ने इसके उपरांत उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को स्वदेशी वस्तुओं को ही क्रय करने का संकल्प दिलाया।

खबर संक्षेप



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपे

**सीहोर।** उलझावन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इसकी शुरुआत सांस्कृतिक रीति से पंडित द्वारा पूजा करने के बाद फलदार पौधे लगाने से हुई। सरपंच प्रतिनिधि पिंटू वर्मा ने बताया कि हर साल गांव में अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाता है। इस साल भी एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पेड़ लगाए। प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को पेड़ लगाकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि पिंटू वर्मा, प्राचार्या नुजहत अली खान सहित स्कूल स्टाफ, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## आयुष्मान योजना नागरिकों के लिए वरदानः डॉ. बर्वे

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित माय (मेरा युवा) भारत ने हिताय सोशल चेंज मेकर्स वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ माय भारत सीहोर की जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर ने माय भारत पोर्टल पर युवाओं के पंजीयन और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि, जिला आयुष्मान अधिकारी डॉ. क्षमा बर्वे ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के लाभ, आवश्यक प्रक्रियाओं एवं विभिन्न सामाजिक वर्गों के लिए उपचार सुविधा की जानकारी दी। उन्होंने आयुष्मान सखी व्हाट्सएप चैट बोट (नंबरः 0755-2762582) के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्य सीजी धबू ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने में आम नागरिकों की जागरूकता व जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक प्रयास करने और डिजिटल इंडिया के माध्यम से तकनीक का सही उपयोग करने पर भी जोर दिया।

### मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और भक्तों की हर मन्नत पूरी होती हैं

# नवरात्रि: शक्ति की भक्ति डूबे भक्त गिरते पानी में भी नहीं थमे कदम

नवरात्रि की शुरुआत से ही सलकनपुर देवी मन्दिर में भक्तों का ताता लगा हुआ है। प्रति दिन हजारों लाखों की संख्याओं में श्रद्धालु पदयात्रा कर सड़क मार्ग से पहुंच रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नवरात्रि के पर्व पर देवी की भक्ति डूबे भक्तों की आस्था के आगे प्राकृतिक की नहीं चली। बारिश और खराब मौसम में भी भक्तों के क़दम नहीं थमे। और पड़ते पानी में रविवार को हज़ारों, लाखों की संख्या में सलकनपुर देवी धाम मन्दिर पहुंचे। जो कि देवी विजयासन को समर्पित है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं भक्तों की हर मन्नत पूरी होती हैं।

शनिवार को सुबह से ही बारिश का दौर शुरू हो गया। देर रात तक रुक रुक कर बारिश का दौर चलता रहा। इस दौरान पैदल यात्रा कर रहे पदयात्रियों की यात्रा में बारिश भी बाधा बनी। लेकिन शक्ति की भक्ति डूबे भक्तों की आस्था कम नहीं कर सकी। और बरसते पानी में भी भक्तों के क़दम नहीं थमे। उनके क़दम आगे बढ़ते रहे, जय माता दी के जय घोष लगाते हुएं क़दम बढ़ाते सलकनपुर देवी मन्दिर पहुंचे। इस दौरान नगर के कई स्थानों में पदयात्रियों को सामाजिक संगठनों ने भी बरसते पानी में स्वल्पाहार,फलाहारी खिचड़ी प्रसादी वितरण की।

### पदयात्रियों को सामाजिक संगठनों ने बांटी 20 क्विंटल की खिचड़ी प्रसादी

नवरात्रि की शुरुआत से ही सलकनपुर देवी मन्दिर में भक्तों का ताता लगा हुआ है। प्रति दिन हजारों लाखों की संख्याओं में श्रद्धालु पदयात्रा कर सड़क मार्ग से पहुंच रहे हैं। तो वहीं भक्तों की सेवा में सामाजिक संगठन भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। पदयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए जगह, जगह, भोजन पंडाल,स्वल्पाहार, फलाहारी ठंडे पानी की व्यवस्था की गई ओर उनकी सेवा में सामाजिक संगठन लगा हुआ है। वहीं शनिवार को नगर के सामाजिक संगठनों ने अलग अलग स्थानों पर 25 क्विंटल साबूदाला की फलहारी खिचड़ी भक्तों श्रद्धालुओं ने बाटी हालांकि वारिश भक्तों की आस्था में बाधा बनी लेकिन उनकी आस्था को कम नहीं कर सकी पड़ते पानी में पदयात्रियों को रोक रोक कर फलाहारी प्रसादी बाटी गई।



## मरीह माता मंदिर में मंगलवार रात्रि बारह बजे की जाएगी महानिशा महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है।

रविवार को मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर परिसर में कन्याओं को प्रसादी का वितरण मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। अब आगामी मंगलवार को महाष्टमी और बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नवरात्रि की एक तिथि बढ़ने से रविवार को छठवे स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। नवरात्रि के नौ दिनों में प्रत्येक दिन देवी दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की आराधना की जाती है। छठे दिन मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा का विधान है। श्रद्धालु जब सम्पूर्ण समर्पण भाव से मां कात्यायनी की उपासना करता है तो उसे सहज ही मां के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होते हैं।

मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी एवं भव्य स्वरूप से युक्त हैं। स्वर्ण के समान चमकीला वर्ण, सिंह वाहन और चार भुजाओं वाली मां कात्यायनी अत्यंत तेजस्विनी प्रतीत होती हैं। इनके बाए हाथ में कमल और तलवार है, वहीं दाहिने हाथ आशीर्वाद और स्वास्तिक मुद्रा से सुशोभित हैं। भगवान कृष्ण को पाने की कामना से व्रज की गोपियों ने इन्हीं की आराधना यमुना (कालिंदी) के तट पर की थी। मां कात्यायनी का प्राकट्य महर्षि कात्यायन की तपस्या का फल है।

## उन्नति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संघ वार्षिक साधारण सभा संपन्न



**भैरुंदा।** रविवार को पिपलानी के सारण गार्डन में दीनदयाल अंत्योदय योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित उन्नति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संघ, संकुल गोपालपुर की वार्षिक साधारण सभा कार्यकम सम्पन्न हुआ।

सभा में ग्राम संगठनों के पदाधिकारियों, स्व-सहायता समूहों और महिला पंचों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संकुल सीसी , सरोज शाक्य और विखः प्रबंधक नरेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत 'ज्योत से ज्योत जलाते चलो' प्रार्थना गीत से हुई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकुल केंद्रों को प्रमाण पत्र और पूजा थाली भेंट कर सम्मानित किया गया। आजीविका मिशन से संबंधित विभिन्न योजनाओं, जैसे 'एक बगिया मां के नाम', 'कस्टम हायरिंग', 'स्वारोजगार सामुदायिक निवेश निधि' और 'आरएफ' की जानकारी दी गई। यह जानकारी संकुल की बुक, कीपर ज्योति कावरे ने दी। वहीं इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के बारे में जानकारी दी गई. वित्तीय वर्ष 2018 से मार्च 2025 तक के आय-व्यय का ब्योरा भी प्रस्तुत किया गया। मिशन द्वारा समूहों को स्वरोजगार के लिए बैंक लिंकेज की जानकारी दी गई। सरोज शाक्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2018 से मार्च 2025 तक के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रगति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संघ के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आभार संकुल नोडल और सहायक विकास खंड प्रबंधक हरिनारायण मालवीय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच उषा शर्मा द्वारा की गई।

## भक्ति रूपी बीज ही धर्म की उपज देताः पंडित प्रदीप मिश्रा


**सीहोर।** भक्ति रूपी बीज ही धर्म की उपज देता है इसका अर्थ है कि भक्ति ही वास्तविक धर्म का मूल स्रोत है और भक्ति से ही धर्म का विकास और फल प्राप्त होता है। जैसे एक बीज को पानी देने पर वह पेड़ बनकर फल देता है, उसी प्रकार हृदय में बोया गया भक्ति का बीज भगवान के पवित्र नाम और लीलाओं के श्रवण व कीर्तन से पोषित होकर भक्ति की लता को बढ़ाता है, जो अंततः आध्यात्मिक आनंद रूपी फल प्रदान करती है। हर परिस्थिति में ईश्वर में अटूट विश्वास बनाए रखें, यह भक्ति का सबसे बड़ा लक्षण है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी आन लाइन शिव महापुराण के पांचवे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कही। अब आगामी आगामी कथा तीन अक्टूबर से महाराष्ट्र जलगांव में आयोजित होगी। उन्होंने युवाओं से कहाकि अपनी संगति में सुधार करें, गलत संगत में पढ़कर अपना जीवन बर्बाद नहीं करें। आप संगति का महत्व तो जानते ही होंगे हमारे जीवन में संगति एक अहम रोल अदा करती है। ये संगति का ही असर होता है की अच्छे लोग बुरे लोगो की संगत में बुरे आदत पाल लेते है तो वही कई बुरे आदत वाले लोग भले लोगो के संगत में रहकर खुद को बिल्कुल बदल देते है तो यह संगति का ही नतीजा होता है। रविवार को उन्होंने एक युवा का पत्र पढ़कर बताया कि 20 वर्षीय एक युवक है जो जिला बालाघाट में निवासरत है उनको तीन साल पहले बुरी आदत के कारण बीमारी हो गई थी, जिसके कारण उनकी पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था और बीमारी का इलाज भी नहीं हो रहा था, उन्होंने अपनी चाची को इस संबंध में बताया तो उन्होंने भगवान शिव की भक्ति के लिए उसको प्रेरित किया। उसके उपरांत जब युवक के अंदर भक्ति के प्रति भरोसा आया तो पढ़ाई में मन लगने के साथ ही बीमारी ठीक हो गई। यह भक्ति की शक्ति का परिणाम है।

## चद्दर पुल के उपर से निकला पानी



**सीहोर।** शनिवार रात हुई तेज बारिश के कारण कस्बा स्थित चद्दर पुल के उपर से पानी निकल आया। जो काफी मनोहारी लग रहा है।

### नगर में विराजित मां जगदंबा




**सीहोर।** कस्बा में मां भगवती युवा मंच लगातार 30 वर्षों से मां की प्रतिमा विराजित कर रहा है।




**सीहोर।** जगदीश हनुमान फाटक पर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा कई वर्षों से मां की प्रतिमा विराजीत की जा रही है। समिति अध्यक्ष अमन कुशवाह



**भैरुंदा।** नव दुर्गा उत्सव समिति टॉकीज कंपलेक्स में विराजित मां।



**भैरुंदा।** शिव उत्सव समिति रॉयल मार्केट चौराहा पर विराजित मां



**भैरुंदा।** भारत माता उत्सव समिति द्वारा विराजित माता।

### जिले में 11 स्कूलों में शिविर आयोजित 891 बालिकाओं की एनीमिया जांच

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवारः अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों एवं अन्य सभी नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में 27 सितंबर को अभियान के तहत जिलेभर में आयोजित शिविरों में 14,010 महिलाओं, किशोरियों एवं पुरुषों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।



**ऑफिसर इंचार्ज ने किया निरीक्षण :** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की ऑफिसर इंचार्ज डॉ किरण वाडिया ने बिलकिसगंज सीएचसी एवं खारी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में दी जा रही सेवाएं देखीं और सभी गतिविधियां प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत आरबीएसके की टीम द्वारा जिले के शासकीय उत्कृष्ट स्कूल, पीएमश्री शासकीय एमएलबी स्कूल सहित 11 स्कूलों में कैंप आयोजित कर 891 बालिकाओं की एनीमिया जांच की गई और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही मासिक धर्म के समय स्वच्छता एवं पोषण आहार के बारे में शिक्षा दी गई।

## शोध और आविष्कारों की सुरक्षा को समर्पित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

**रेहटी।** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं आईपीआर सेल के संयुक्त तत्वावधान में अपनी सोच की सुरक्षा बौद्धिक संपदा अधिकारों पर एक व्यापक कार्यशाला विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ।




इस आयोजन के मुख्य समन्वयक डॉ. संतोष राय एवं सह-समन्वयक डॉ. सचिन बारसकर रहे, जिनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से कार्यशाला को स्वरूप मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के सान्निध्य एवं डॉ. मोहित गंगवार के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात रजिस्ट्रार डॉ. हेमंत शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व एवं उसके व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डॉ. राजेंद्र सिंह कुशवाह ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर शुभकामनाएँ दीं। द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में श्री विकास असावत (पेटेंट वकील एवं ट्रेडमार्क संरक्षण अधिवक्ता, कोटा, राजस्थान) एवं डॉ. श्याम आकाशे (डीन एवं प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग, आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर) उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, नवाचार के संरक्षण तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों की व्यावहारिक उपयोगिता पर गहन जानकारी साझा की और शोध एवं आविष्कारों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन देश दीपक ने किया तथा समापन अवसर पर डॉ. रंजीत कुमार पूसे ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मुस्कान ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कथक शैली नृत्य का किया था प्रस्तुतिकरण

# मलेशिया में फहराया भारत का परचम, पुष्पद समाज ने किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

साउथईस्ट एशिया के बड़े और प्रसिद्ध देशों में शुमार मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में विगत दिवस अखिल लोककला कल्चरल आर्गेनाईजेशन द्वारा इंटरनेशनल डांस ड्रामा म्यूजिक कॉम्पिटिशन का आयोजन करवाया गया था। इस आयोजन में राजगढ़ नगर की बेटी मुस्कान पिता राधारमण पुष्पद ने ओपन कैटेगरी में सेमी-क्लासिकल कथक शैली में नृत्य की अद्वितीय प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

मलेशिया में भारत का नाम रोशन करके आई राजगढ़ नगर की इस बेटी का शनिवार को पुष्पद समाजजनों ने स्वागत, अभिनंदन करते हुए मुस्कान के उपलब्धि की सराहना की। मुस्कान बताती है कि उन्होंने अपनी गुरु इंदौर निवासी अर्चना बेनर्जी की प्रेरणा से काफी कथक शैली नृत्य का काफी अभ्यास किया और अंततः उन्होंने इस अंतराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन करने का मौका मिला और उन्होंने इसमें फर्स्ट प्राइज पाया। मुस्कान की गुरू बेनर्जी ने इसे मुस्कान की स्वयं की मेहनत और जज्बा करार दिया है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज मलेशिया में फहराकर देश का नाम रोशन करने वाली मुस्कान को प्रोत्साहित करने फूलमाली पुष्पद समाज के अनेकों पदाधिकारियों ने बिटिया मुस्कान को फूलमाला, गुलदस्ता, मिठाई खिलाते हुए स्वागत अभिनंदन कर उज्वल भविष्य की कामना की।

#### बेटियों को हर क्षेत्र में आगे रखना चाहिए

इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि न केवल पुष्पद समाज बल्कि अन्य समाजों को भी बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भविष्य संवारने से जुड़े हर क्षेत्रों में आगे रखना चाहिए। मुस्कान की इस उपलब्धि ने न केवल पुष्पद समाज बल्कि पूरे जिलेवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है।

#### फूलमाली पुष्पद समाज से ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर फूलमाली समाज जिलाध्यक्ष जगदीश पुष्पद, नगर अध्यक्ष गोपाल पुष्पद, श्याम सुंदर पुष्पद, उपाध्यक्ष महेश पुष्पद, ऑडिटर लक्ष्मीनारायण पुष्पद, महामंत्री कमल पुष्पद, संगठन मंत्री किशोर पुष्पद, सलाहकार नरेंद्र पुष्पद, राजेंद्र पुष्पद, घनश्याम पुष्पद, मीडिया प्रभारी जीतेंद्र पुष्पद, सह-कोषाध्यक्ष दिलीप पुष्पद, राकेश पुष्पद, राजेंद्र पुष्पद, संदीप पुष्पद, मांगीलाल पुष्पद, राजेश पुष्पद सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे।

#### स्कूल का भी संचालन करती है मुस्कान

कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पाने वाले मुस्कान पुष्पद अकेले नृत्य कला में ही पारंगत नहीं है बल्कि वे राजगढ़ नगर में गुरुकुल स्कूल का संचालन भी करती है। उनकी इस उपलब्धि से जिले की अन्य बेटियों को जहां काफी प्रेरणा मिली है।

# 114 किसानों से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गल्ला व्यापारी गिरफ्तार

### किसानों को विश्वास में लेकर करते थे 15 से 30 दिन की उधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



थाना खिलचीपुर पुलिस ने 114 किसानों के साथ धोखाधड़ी कर 2,32,10000 रुपये का गबन करने वाले गल्ला व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से त्वरित कार्यवाही करते हुए 114 किसानों के साथ धोखाधड़ी कर फसल खरीदने एवं 2 करोड़ 32 लाख 10 हजार रूपये का गबन करने वाले व्यापारी सोनी ब्रदर्स राजू पिता मोहन बाबू सोनी निवासी छापीहेड़ा, राकेश उर्फ रवि पिता मोहन बाबू सोनी निवासी छापीहेड़ा को गिरफ्तार किया है।

9 मई 24 को फरियादी कैलाशचंद पिता नारायण दांगी निवासी ब्यावरकला ने किसानों के साथ थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि फसल खरीदने वाले व्यापारी राजू सोनी और रवि उर्फ राकेश सोनी निवासी ब्यावरा कला के द्वारा किसानों को विश्वास में लेकर 15 दिन से लेकर 1 महीने की उधारी में फसले खरीदी व्यापारी द्वारा पूर्व में किसानों को विश्वास में लिया उसके बाद धोखाधड़ी कर 114 किसानों की 2,32,10000 रूपये की राशि का गबन किया है। घटना की गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी खिलचीपुर द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गये थे। 21 सिंतबर 25 को फरियादी गोपाल दांगी निवासी ब्यावराकला के द्वारा अपराध क्रमांक 377/25 धारा 420,409 आईपीसी का पृथक से पंजीबद्ध कराया गया। पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपीयो की खोजबीन कर लगातार कठिन परिश्रम उपरांत थाना सिलवानी जिला रायसेन से दोनें आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## स्वदेशी को अपनाओ विदेशी वस्तुओं का करो बहिष्कार : विधायक शर्मा

कुरावर। शनिवार को दोपहर 12 बजे नगर के मार्केटिंग सोसायटी परिसर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत को लेकर भाजपा मंडल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बैठक के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ लगाकर हमें आर्थिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है इसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं को स्वीकार करने का नारा पूरे देश में दिया है और उसकी चर्चा प्रारंभ हो चुकी है। हम सब को मिलकर यह संकल्प लेना है कि हमें विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना है।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की, 7 प्रकरण दर्ज



सारंगपुर। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के तहत अवैध मदिरा विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कलेक्टर राजगढ़ डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा शुक्रवार को संडावता-लीमाचैहान क्षेत्र में कार्रवाई की गई। गश्त के दौरान साबरश्या, सुस्याहेड़ी, ग्राम कुपा, भेसवा, बदेशी, भवानीपुरा, अमलावता एवं जमनागंज में 11 संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 36(इ) के अंतर्गत 7 प्रकरण कायम किए गए एवं 4 खाली तलाशी बनाई गई। कार्रवाई में कुल 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 16 पाव देशी प्लेन मदिरा, 14 बियर बोतलें और 1 अंग्रेजी एम.डी. रम क्वार्टर जप्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 6360 आंकी गई।

## सोहेल ने किया शानदार प्रदर्शन, साइकिलिंग में पाया द्वितीय स्थान

कुरावर। नरसिंहगढ़ में आयोजित 69वीं संभागीय स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में होली एंजेल स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र सोहेल खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 26 सितंबर 2025 को भव्य रूप से संपन्न हुई। यहां बड़ा ही हर्ष की बात है कि बालाघाट में होने वाले राज्य स्तरीय साइकलिंग मुकाबले में सोहेल भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## नीलामी से प्राप्त राशि से होगा नगर का विकास

माचलपुर। नगर परिषद द्वारा अपनी निधि से गोघटपुर रोड पर स्थित मुक्तिधाम परिसर में 70 लाख की लागत से 15 दुकानों के निर्माण का शनिवार को भूमि पूजन विधायक हजारीलाल दांगी व न.प. अध्यक्ष गीताबाई मालवीय ने किया। इस अवसर पर विधायक दांगी ने बताया दुकानों नीलामी से प्राप्त राशि से मुक्तिधाम परिसर का समुचित विकास किया जाएगा।

### शिविर का लाभ एक सैकड़ा लोगों ने उठाया

# गुना डाक संभाग ने लगाया स्कूल में आधार का शिविर

गुना। राष्ट्रीय जागरूकता एवं प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार की मंशा शासकीय सेवा आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय डाक विभाग डाक संभाग गुना के द्वारा एक अभियान डाक परिवार आपके द्वार प्रारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों में डाकघर के द्वारा आधार कैंप, जागरूकता कार्यक्रम, डाक विभाग की बचत योजनाओं, पीएलआई, आरपीएलआई और फिलेटैली से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर, जनता को डाक घर की जन हितैषी योजना से जागरूक किया जा रहा है।



इसी कड़ी में गुना डाक अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी के निर्देशन में डाक विभाग ने गोविंद गार्डन कॉलोनी गुना के एक निजी स्कूल प्रांगण में स्कूल संचालक के विशेष अनुरोध पर 27 सितंबर को आधार शिविर लगाया। इस शिविर में स्कूल के विद्यार्थी गोविंद गार्डन, लुशन बगीचा एवं शिव कॉलोनी के निवासियों ने आधार शिविर का लाभ लेकर, अपने आधार में अपना पता, जन्म दिनाक , मोबाइल नंबर आदि चेंज कराए। साथ ही नए आधार भी बनाए। डाक अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि डाक विभाग अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए, समाज के बेहतर कल के लिए, लगातार प्रयत्नशील है , इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आम नागरिकों के आधार संबंधी कार्यों के लिए यह शिविर लगाया गया है। इस शिविर का लाभ लगभग एक सैकड़ा आम जन ने उठाया। शिविर में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक प्रशांत व्यास, डाक विभाग के सचिन तिवारी, अजय भगत, आलोक कटियार, शिवम रघुवंशी, अर्पित श्रीवास्तव आधार ऑपरेटर नित्या छारी, प्रियंका छारी, रामू अहिरवार, अभिषेक अहिरवार, स्कूल प्राचार्य विनेश नारायण, स्कूल शिक्षक वंशिका वर्मा, राविया खान का सराहनीय सहयोग रहा।

### आयोजन के द्वितीय दिवस सैकड़ों दर्शक व भक्तगण हुए शामिल

# माता की भक्ति में लीन होकर रमे श्रद्धालु

राजगढ़। नजरबाग हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय राजमहल परिसर में तीन दिवसीय 'समर्पण गरबा उत्सव' का आयोजन करवाया जा रहा है। उत्सव के द्वितीय दिवस शुक्रवार रात्रि नगर की बालिकाओं, युवतियों एवं मातृ-शक्तियों द्वारा की गई गरबे की अद्वितीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों, श्रृद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।




गरबा उत्सव में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भी गरबे की सुंदर प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसके साथ ही नगर की करीब 400 से अधिक मातृ-शक्तियां प्रतिदिन उत्सव में शामिल होकर माता की आराधना करते हुए गरबे की सुंदर प्रस्तुति दे रही हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन का कल रविवार रात्रि को भव्यता के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजकों सहित पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भी यातायात, सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुख्ता इंतेजामात किए गए। संपूर्ण आयोजन की सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।

## महात्मा गांधी महाविद्यालय में बालिकाओं के लिए निशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप लगाया



कुरावर। शनिवार को महात्मा गांधी महाविद्यालय कुरावर में बालिकाओं के लिए सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत निशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के प्राचार्य विजय आठवले ने बालिकाओं को लाइसेंस का महत्व समझाया। कार्यक्रम में आरटीओ अधिकारी छोटेलाल जाटव राजगढ़ एवं कुरावर थाना टीआई संगीता शर्मा एवं महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी विनोद जायसवाल,इलियास बैग, माखन मीणा, निकेत मीणा, शिवानी पालीवाल आरती मीणा, शिवानी साहू एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मंडी प्रांगण में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



ब्यावरा। भारतीय मजदूर संघ जिला राजगढ़ व ब्यावरा मण्डी मजदूर संघ के अनुरोध पर रेड क्रॉस सोसाइटी राजगढ़ द्वारा मंडी प्रांगण ब्यावरा में 26 सितंबर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुशवाह अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ब्यावरा रहे विशेष अतिथि हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा,रेड क्रॉस सोसाइटी जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ,भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख गोपाल शर्मा संरक्षक बापूजी सुमन, तुलावटी मजदूर महासंघ प्रदेश मंत्री धीरज नागर, भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष सूर्य किरण शर्मा डॉक्टर राकेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना द्वारा की गई मुख्य अतिथियों का स्वागत तुलावटी संघ अध्यक्ष गोपाल शर्मा व अन्य तुलावटी साथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पवन कुशवाह का स्वास्थ्य परीक्षण कर की गई इसके पश्चात सैकड़ो की संख्या में उपस्थित मजदूर कर्मचारी वर्ग आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर एवं दवा गोली वितरण की गई। शिविर में मंडी कर्मचारी ब्यावरा एवं सभी तुलावटी भाइयों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में मंडी सचिव अशोक कुमार ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## रामलीला मंचन में हुआ सीता हरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के त्रयंम्बकेश्वर महादेव शिव चौक में श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के द्वारा आयोजित राम चरित्र मंचन प्रसंग में सुंदरी सूर्पनखा द्वारा राम लक्ष्मण से शादी का प्रस्ताव जहां पर लक्ष्मण ने सूर्पनखा को बहुत समझाया लेकिन जब वह नहीं मानी तो सूर्पनखा की नाक लक्ष्मण जी ने काट डाली। सूर्पनखा ने खर, दूषण, रावण को संदेश दिया कि वन में राम अपनी भार्या एवं भाई के साथ पंचवटी में रह रहे उन्होंने मेरी नाक काटी।खर एवं दूषण ने राम पर आक्रमण किया जहां दोनों को राम द्वारा मारा गया। फिर रावण ने माया रची और मारीच नामक राक्षस को मृग का स्वरूप बनावा कर भेजा छली मारीच जो मृग बना था मारीच का पीछा किया छली मारीच ने राम राम पुकारा जिससे सीता जी को ऐसा महसूस हुआ कि राम संकट में है उन्होंने लक्ष्मण को राम के पास जाने के लिए बाध्य किया। इसी बीच रावण ने ब्राह्मण के वेश में सीता हरण किया। गिद्ध राज ने रावण को रोकने का प्रयास किया लेकिन रावण ने गिद्ध राज के पंख काट दिए राम गिद्ध राज भेंट जहां पर राम को गिद्ध राज ने बताया कि रावण माता सीता को हरण कर दक्षिण दिशा में ले गया।

### बच्चों की एकाग्रता और अभ्यास ने खुद को बेहतर साबित करने लगाई ताकत

# श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में उत्साह से शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में करीब 50 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। नृत्य में बच्चों की एकाग्रता, ऊर्जा और अभ्यास ने खुद को बेहतर साबित करने में अपनी पुरजोर ताकत लगाई, जिसे सभी ने खूब सराहा। मंदिर धाम पर नृत्य प्रतियोगिता में नगर के पांच बड़े स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा से सभी को अचंभित कर दिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। सभी ने अपनी नृत्य कला के साथ ही एक कलाकार के रूप में विविध कलाओं का जो प्रदर्शन किया वह अद्भुत था।



रामचरित मानस, गणेश वंदना, नवरात्रि आदि थीम पर जिस प्रकार नृत्य प्रस्तुत किया वह सभी को आश्चर्य चकित कर देने वाला था। प्रतियोगिता में जज के रूप में बच्चों की प्रतिभा परखने आई डांस शिक्षिका नेहा भद्रवाले, मुस्कान पुष्पद राजगढ़ और जितेन्द्र सिंह भाटी पिंकी ने भी आश्चर्यचकित होकर बच्चों की प्रतिभा को सराहा। स्थानीय बच्चों ने कम साधन और थोड़े अनुभव के आधार पर समर्पण और अपनी ऊर्जा से नृत्य में जिस प्रकार जीवंतता लाई वह अद्भुत था। बच्चों के साथ उनके नृत्य शिक्षक-शिक्षिका, प्रार्चाय, सांचालकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसी का परिणाम रहा कि श्री अंजनीलाल धाम पर इन प्रतिभाओं की प्रस्तुति ने बड़े शहरों की ही नहीं इंडियन आईडियल जैसी प्रतियोगिताओं जैसा दृश्य निर्मित कर दिया।

प्रतियोगिता में प्रोग्रिसिव हाईट्स, ज्योति कान्वेंट, एमटीएम, लर्निंग किड्स, विवेकानंद स्कूल, मानस विद्यालय आदि के बच्चों ने भाग लिया। प्रारंभ में अतिथि के रूप में मौजूद सभी जज ने बच्चों को मार्गदर्शित करते हुए उन्हें नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया। प्रारंभ में मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मुरारी अग्रवाल चाचा, सदस्यगण इंजी. गिरराज कसेरा, प्रो. प्रमोद खरे, राजेश पालीवाल पूर्णिमा, नीरज मंगल, पंकज शर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## खुजनेर में मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी ने निकाला भव्य संचलन




### सैकड़ों मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कदमताल में लिया भाग

खुजनेर। विश्व हिंदू परिषद मध्यभारत प्रांत के निर्देशानुसार मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में रविवार को नगर में भव्य संचलन निकाला गया। संचलन में सैकड़ों मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कदमताल करते हुए भाग लिया। संचलन का शुभारंभ सुबह 11 बजे मांगलिक भवन बस स्टैंड से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मांगलिक भवन पर संपन्न हुआ। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शक्ति यात्रा का स्वागत किया। बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत सह संयोजिका आकांक्षा दुबे ने कहा कि आज का समय हिंदू समाज को एकजुट होने का है, मतभेदों में खोने का नहीं उन्होंने मातृ शक्ति से आह्वान किया कि हिंदू बहन-बेटियां विधर्मियों से सावधान रहें और सतत धर्म एवं संस्कृति की रक्षा में आगे आएं कार्यक्रम उपरांत सभी मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों को अल्पाहार कराया गया।

## खबर संक्षेप

### 11 अक्टूबर को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**आष्टा।** मिथ्या दृष्टि को वह सुख, शांति नहीं मिलती है जो एक व्रती को मिलती है।बिना सम्यकदर्शन के मोक्ष मार्ग प्रशस्त नहीं होता है।सम्यकदृष्टि काष्ठ रुपी नौका पर सवार होकर भव से पार लगता है और मिथ्यादृष्टि पाषाण की नौका पर सवार होकर संसार में परिभ्रमण करते है। बिना बीज बोए फल की प्राप्ति नहीं होती है,उसी प्रकार बिना सम्यकदर्शन के मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है। मुनिश्री ने कहा मोक्ष रुपी फल का बीज सम्यक दर्शन है।जहां सम्यक ज्ञान होगा वहां पर सम्यक चारित्र होगा।महाव्रती बनकर सम्यकत्व आने के बाद मोक्ष की प्राप्ति होगी। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने आचार्य समंतभद्र स्वामी द्वारा रचित रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ श्रवण कराते हुए कही । सम्यकदर्शन कल्याण का कारण है और मिथ्यादृष्टि अकल्याणकारी है। किला मंदिर पर मुनिश्री सजग सागर जी एवं सानंद सागर जी मुनिराज की प्रेरणा से 11 अक्टूबर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। स्वास्थ्य शिविर के डॉक्टर जैनपाल जैन,समाज अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल ने सभी से उक्त शिविर में समय पर उपस्थित होकर स्वास्थ परिक्षण कराने का आग्रह किया।

### प्राचीन बगवई माता के मंदिर में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

# भक्तों की हो रही मनोकामना पूरी, माता मंदिर में नाग देवता भी करने आते दर्शन

प्राचीन बगवाई माता मंदिर में बड़ी संख्या में क्षेत्र और आसपास के ग्राम के लोग माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्धिगंज

कई वर्षों पुराना प्राचीन बगवाई माता मंदिर में श्रद्धालु बड़ी संख्या में क्षेत्र व आसपास के ग्राम के लोग माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे है। माता रानी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांग रहे है। ग्राम के 107 वर्ष आयु के बुजुर्ग मोहनलाल करोरीया व धर्मचंद सोनी, श्रीराम राठौर, महेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक राठौर, राजेंद्र धारवा, कैलाश शर्मा ने बताया कि बगवाई माता रानी का मंदिर बहुत ही पुराना मंदिर है। हमारे बुजुर्ग बताते हैं कि यहां मंदिर कई वर्षों से इसी प्रकार बना हुआ है। इसमें जो माता रानी की मूर्तियां है वह प्राचीन है। हमारे बुजुर्ग बताते हैं कि उनके पूर्वजों ने भी कई वर्षों से इसी प्रकार मंदिर में मूर्तियां विराजमान देखा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में सुबह शाम माता रानी के दर्शन करने पहुंचते हैं। और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि माता रानी के दरबार में जो भी अपनी मनोकामनाएं मागता है और उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती है। नियमित रूप से शाम 7:00 बजे बगवाई माता मंदिर में आरती का आयोजन किया जाता है। नवरात्रि के पूरे 9 दिन माता रानी के दरबार में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ आती है। जिसमें महिला पुरुष अधिक संख्या में पहुंचकर आरती का लाभ लेते हैं। तिथि अष्टमी के दिन बगवाई माता मंदिर में सुबह कन्या भोज व शाम को विशाल महा आरती का आयोजन किया जाता है। वही तिथि नवमी के दिन विशेष प्रसादी आलू, पुड़ी देकर सभी भक्तजनों का उपवास खुलवाया जाता है। नवरात्रि के पूरे 9 दिन ग्राम सिद्धिगंज में बड़े उत्साह का माहौल रहता है। सभी माता बहने व पुरुष बड़े उत्साह के साथ नवरात्रि के पर्व को मानते हैं। वही प्राचीन भगवाई माता मंदिर नाग देवता का स्थान काफी प्राचीन है। अधिकतर नाग देवता भक्तजनों को अपने दर्शन देते रहते हैं। प्राचीन भगवाई माता मंदिर कई वर्षों पुराना मंदिर है।

#### जगह-जगह हुई प्रतिमा की स्थापना

ग्राम सिद्धि गंज में बस स्टैंड, बावड़ी चोक पर माता रानी की प्रतिमा की स्थापना की गई है। जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। माता के पंडालों में प्रति दिन भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं।



# स्मार्ट शहर में विकसित होगा जावरः विधायक

### नगर परिषद में हुआ साधारण सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

नगर परिषद जावर में परिषद के साधारण सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा भाग लिया गया एवं नगर विकास हेतु विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मती से पारित किए गए। जावर शहर को स्मार्ट शहर बनाये जाने हेतु कार्य योजना तैयार करने के संबंध में। नवीन फायर वाहन क्रय करने के संबंध में। विशेषनिधि मद से शासन से राशि प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध मे विचार एवं निर्णय। तहसील कार्यालय से पुलिया तक मुख्य रोड का चौडीकरण एवं डिवाईडर निर्माण किये जाने , कृषि मण्डी से वार्ड 09 तक सी.सी.रोड, निर्माण कार्य किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय।

ईदगाह से गोया क्षैत्र से होता हुवा कजलास रोड तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय। तालाब का गहरीकरण एवं सौन्दर्यकरण कार्य किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय। स्लम बस्तीयो में निर्माण एवं सौन्दर्यकरण कार्य किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया। उक्त अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा शहर विकास के बारे में समस्त पार्षदों से चर्चा की गई एवं कहां की जावर शहर एक स्मार्ट शहर के रूप में विकसित होगा समस्त आवश्यक निर्माण कार्य नगर में कराए जाएंगे।

उत्तर अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वेद द्वारा भी नगर विकास एवं जो नगर को स्मार्ट शहर बनाने की पहल का विधायक का अभिनंदन किया। सांसद प्रतिनिधि मनोज वेद द्वारा विधायक का स्वागत किया। उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान द्वारा भी नगर में किए गए विकास कार्यों का अवलोकन विधायक इंजीनियर को कराया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी द्वारा विधायक इंजीनियर का स्वागत किया। उक्त अवसर पर पार्षद राजेंद्र कुमार भरेवा, मदन विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बंटी राठौर, विनीता संजय अजमेरा, अनीता हुकम विश्वकर्मा, वर्षा विजेंद्र मालवीय, अफसाना इक़बाल शाह, यास्मीन जाकिर हुसैन आदि पार्षदगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जैन मंदिर पर श्वेतांबर समाज के चातुर्मास के दौरान बालसंघ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

जैन धर्म में पैदल तीर्थ यात्रा का बहुत महत्व है और जो व्यक्ति अनेक पैदल तीर्थ यात्रियों को साथ लेकर तीर्थ यात्रा करता है, मार्ग के पड़ाव में उनके भोजन, आवास इत्यादि का प्रबंध करता है, उसे संघपति कहा जाता है तथा उसे संघवी की पदवी से अलंकृत किया जाता है। नन्हें बच्चो में भी इस प्रकार की सेवा भावना अभी से ही कोमल मन में संस्कार बनकर उतरनी चाहिये।

इन संस्कारो का बीजारोपण नई पीढ़ी में अभी से होगा तभी आज के सुसंस्कारित बच्चे कल के सच्चे जैन श्रावक और श्राविका बनकर समाज और धर्म को आगे



ले जा पायेगें। उक्त उद्गार अपने मंगल प्रवचनो के दौरान चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी म.सा. नें श्री मालव गिरनार तीर्थ श्वेताम्बर जैन किला मंदिर के उपाश्रय में व्यक्त किये। समाज के प्रवक्ता अतुल सुराणा नें बताया कि चातुर्मास के दौरान नगर में प.पू. साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी, मग्नव्रता श्रीजी और मीतव्रता श्रीजी म.सा. की स्थिरता है, जिनके परम पावन सानिध्य में सभी समाजजन धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज नन्हें बालक-बालिकाओं के बालसंघ की पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 41 बालक-बालिकायें



आकर्षक वेशभूषा में संघपति की भूमिका में प्रातः महावीर स्वामी गंज मंदिर पधारें वहां भगवान के दर्शन-वंदन के पश्चात लाभार्थी सुंदरलाल प्रकाशचंद प्रदीपकुमार वोहरा परिवार द्वारा तिलक लगाकर, मोतियो की माला पहनाकर तथा आकर्षक पगड़ी के साथ सभी संघपति बच्चो का बहुमान किया गया। वहां से सभी नन्हें संघपति बैण्ड-बाजे व उपस्थित अन्य समाजजनो के साथ कन्नौद रोड स्थित जैन दादावाड़ी पहुंचे और भगवान के दर्शन किये तत्पश्चात कन्नौद रोड से गुजरते समय शांतिलाल अशोक कुमार चोपड़ा परिवार द्वारा सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष देशचंद वोहरा सहित पारसमल सिंघवी, रवीन्द्र रांका, नगीन सिंगी, निर्मल रांका, लोकेन्द्र बनवट, मनोज ललवानी, विनीत सिंगी, नगीन डूंगरवाल, प्रवीण धाड़ीवाल, प्रताप चतरमुथा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनो एवं महिला मंडल के सदस्यो की उपस्थिति रही।

### प्रधानमंत्री का रेडियो कार्यक्रम मन की बात समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरणा देती हैः विधायक



**आष्टा।** वरिष्ठ गल्ला व्यापारी नवनीत संचेती के निवास पर मन की बात सुनने के पश्चात उपस्तिथ भाजपा कार्यकर्ताओं को विधायक इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार हमें यह स्मरण कराते हैं कि राष्ट्र की प्रगति केवल शासन की नीतियों से नहीं, अपितु प्रत्येक नागरिक के सत्कर्म और सक्रिय सहभागिता से संभव ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' से प्राप्त प्रेरणाओं को जीवन में धारण कर भारत माता के उज्ज्वल भविष्य हेतु योगदान देना हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने श्रीमति प्रेमबाई संचेती, नवनीत संचेती, श्रीमति अर्चना नवनीत संचेती, विरल संचेती का शाल ओढ़ाकर, साफ पहनकर सम्मान कर अभिनन्दन किया।

# रूपेश राठौर चौथी बार अनाज तिलहन व्यापारी एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



शहर के कन्नौद रोड स्थित कृषि उपज मंडी के अनाज तिलहन व्यापारी एसोसिएशन की कमान लगातार चौथी बार युवा व्यापारी रूपेश राठौर को सौंपी गई है। उन्हें अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ, कृषि उपज मंडी समिति आष्टा का अध्यक्ष लगातार चौथी बार चुना गया है। इस उपलब्धि को लेकर नगर और क्षेत्र में रूपेश राठौर के समर्थकों और शुभचिंतकों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस दौरान रूपेश राठौर को व्यापारी, किसान, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा वर्ग ने बधाई शुभकामनाएँ दी। और जगह जगह स्वागत सम्मान का दौर चला रहा है। लगातार चौथी बार अनाज तिलहन व्यापारी एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने पर रूपेश राठौर ने कहा की किसानों और व्यापारियों के हित उनके लिए सर्वोपरि हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में मंडी की सुविधाओं को और मंडी को आधुनिक बनाने पर जोर दिया जाएगा। वही छोटे व्यापारियों को सशक्त करना और किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना उनको शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों का पसीना कभी व्यर्थ न जाए और व्यापारी वर्ग को हमेशा सम्मान मिले, इसके



लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।इस दौरान रूपेश राठौर को विधायक गोपाल इंजिनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित शहर के व्यापारी और समाजसेवियों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

# जाट समाज ने मनाई शहीद भगत सिंह की जयंती

### अमर शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज हैः प्रदेश सचिव धनंजय जाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

रविवार को नगर के शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में पहुंचकर जाट समाज आष्टा ने शहीद ए आजम भगत सिंह की मनाई जयंती। सर्वप्रथम जाट समाज आष्टा के संरक्षण गोकुल चौधरी, भूपेंद्र सिंह राणा, संगठन मंत्री नारायण जाट, पूर्व अध्यक्ष महेश जाट, अध्यक्ष राजू जाट द्वारा शहीद भगत सिंह जी के छायाचित्र पर पुष्प माला पहनाकर छायाचित्र के समक्ष समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया, इसी के साथ शहीद भगत सिंह अमर रहे अमर रहे के नारे लगाए गए।

इस अवसर पर जाट समाज आष्टा कोषाध्यक्ष मोहन जाट, सचिव संदीप जाट, शोभाराम इनाणनिया, सरपंच अर्जुन जाट, भागीरथ जाट, धर्मेंद्र ठाकुर उर्फ बिट्टू, गौरव जाट आदि अन्य समाज के वरिष्ठ जन एवं युवाजन उपस्थित रहे।



युवा प्रदेश सचिव धनंजय जाट अखिल भारतीय जाट महासभा मध्य प्रदेश ने बताया कि शहीद भगत सिंह जयंती प्रतिवर्ष 28 सितंबर को मनाई जाती है, यह दिन युवा स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह जी के बलिदान और साहस का सम्मान करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपना जीवन दे दिया। महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह आज भी स्वतंत्र भारत के युवाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं। उनका जीवन उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा भरा है जो न्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ते हैं। वह एक बहादुर युवक थे जिन्होंने अपना जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए समर्पित कर दिया। उनकी कहानी हमें याद दिलाती है कि कठिन परिस्थितियों में भी विजय प्राप्त करना संभव है। धनंजय जाट का समाज के युवाओं से यह आग्रह है कि समाज की युवा, शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरित होकर उनके जीवन से प्रेरणा ले एवं आपने जीवन का ज्यादा से ज्यादा समय समाज सेवा एवं देश की सेवा के लिए दें।

### सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ मां भवानी फेस्टीवल ग्रुप ने निकाली चुनरी यात्रा

# हनुमान मंदिर से ध्वज लेकर शीतला माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदपुर

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुख शांति और समृद्धि के लिए मां भवानी फेस्टीवल ग्रुप के तत्वाधान मे अहमदपुर में विशाल ध्वज व चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। अहमदपुर के खेड़ा पति हनुमान मंदिर से ध्वज लेकर मां शीतला माता के मंदिर से चुंनरी यात्रा प्रारम्भ हुई। शुभम चौकसे ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर मा भवानी फेस्टिवल ग्रुप के तत्वाधान में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। चुंनरी यात्रा अहमदपुर के बाजर से होती हुई अहमदपुर के समीपत, ग्राम बनखेड़ा, व क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर मां विजयासन, टेकरी माता जी के मंदिर बनखेड़ा पहुंची, चुनरी यात्रा का अहमदपुर में जगह - जगह स्वागत किया गया।

चुनरी यात्रा में शामिल सभी लोगों का सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। चुंनरी यात्रा में शामिल भक्तों का व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया। लगभग 3 किलोमीटर यह चुनरी यात्रा पैदल श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई क्षेत्र के प्रसिद्ध बनखेड़ा स्थित मां विजयासन टेकरी माता मंदिर पहुची। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए इस चुनरी यात्रा में अहमदपुर सहित आसपास के सभी भक्त गण बड़ी ही श्रद्धा के साथ उपस्थित शामिल हुए।

महिला और पुरुष दोनों ही इस भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हुए, और मां दुर्गा के भजनों पर झूमते हुए नजर आए धर्म से जुड़ी भक्तों की आस्था बता रही थी कि3 किलोमीटर का पैदल सफर, चुनरी यात्रा में कब तय कर लिया गया पता ही नहीं चला। चुनरी यात्रा में शामिल मां दुर्गा के प्रति लोगों की आस्था और क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर मां बिजासन टेकरी माता मंदिर, बनखेड़ा, से जुड़ी लोगों की आस्था का नजारा चुनरी यात्रा में देखने को मिला। उसके बाद मां बिजासन टेकरी वाली माता मंदिर बनखेड़ा, पहुंचकर महा आरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मां भवानी फेस्टिवल ग्रुप के तत्वाधान में हर बर्ष आयोजन किया जा रहा है आयोजन समिति ने बताया की यह 11 ब बर्ष था माँ दुर्गा की 9 रूप इस चुंनरी यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे, चुंनरी यात्रा में आसपास के कई गाँव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए ओर धर्म लाभ उठाया।

# सामूहिक रूप से सुना मन की बात कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिमाह के अंतिम रविवार को होने वाले कार्यक्रम मन की बात को जावर मंडल द्वारा सामूहिक रूप से सुना एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी वस्तु का इस्तेमाल करने का संकल्प लिया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प पत्र को भरा।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नप अध्यक्षा बहन मंजू वेद, प्रतिनिधि मनोज वेद ,उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, संजय अजमेरा, जय सिंह ठाकुर, खुमान सिंह, वीणा जोशी, महामंत्री राजा ठाकुर ,धर्मेंद्र मालवीय, कैलाश सोलंकी, राजेंद्र सेंधव, कृपाल सिंह, प्रेम सिंह, मदन विश्वकर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर, योगेश भावसार, सुनील लोधी, हरेंद्र विश्वकर्मा, सपना श्रीवास्तव, उषा भावसार, सुमन बाई ,हेमंत गोयल, के पी ठाकुर, अंगूर ठाकुर, संजय मालवीय, अर्जुन मालवीय, पवन मालवीय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।